# पोषण माह कार्यक्रम में 11 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

गदरपुर( उद संवाददाता)। बाल विकास परियोजना गदरपुर द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन ग्राम मसीत के सभागार में किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रचलित एवं पुष्प अर्पित कर आदि से विभिन्न प्रकार की रंगोली तैयार करके प्रदर्शित की गई । बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा आंगनबाड़ी केंद्र की योजनाओं का वर्णन करते हुए अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान के लिए सभी को जागरूक होना चाहिए । इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी ने बताया,'स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत' के अंतर्गत 'सही पोषण देश रोशन' की जानकारी के साथ राष्ट्रीय बाल पोषण माह का आयोजन 1 मोटे अनाज और पोषण के प्रति जागरुक करने के लिए अपील की गई । सुपरवाइजर नीमा विष्ट द्वारा ष्रक्त अल्पता से रहना हो दूर,भोजन करें आयरन से भरपूर और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति सभी को जागरुक रहकर प्रचार





प्रसार करने का आह्वान किया । इस दौरान कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी के सैयद जी हंस फाउंडेशन के मनोज, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि प्रमोद कंबोज, प्राथमिक विद्यालय

किया गया । बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी के दिशा निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ग्राम सभा मसीत की प्रधान तरन्नुम जहां, ग्राम सरोवर नगर की प्रधान निशा कंबोज के अलावा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष रिजवान हुसैन द्वारा 11 महिलाओं की गोद भराई एवं 11 बच्चों का अन्नप्राशन करवाते हुए शुभकामनाएं दी। वही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा सब्जी, अनाज, फल मनजीत,शबाना,पूजा और वंशिका द्वारा सुंदर नृत्य गीत प्रस्तुत करके माहौल को खुशनुमा बनाया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान तरन्नुम जहां और निशा कंबोज द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत बाल विकास परियोजना द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकतियों के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा,मातृ शक्ति का सम्मान करते हुए उन्हें शिक्षित बनाने और उनके आत्म सम्मान की रक्षा से 30 सितंबर तक किया जा रहा है । मोटे अनाज की गुणवत्ता का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकर्ताओं द्वारा मोटे अनाज के पौष्टिकता युक्त विभिन्न प्रकार के व्यंजन एवं पकवान बनाकर उनका प्रदर्शन किया गया । भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष रिजवान हुसैन ने सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय पोषण माह की शुभकामनाएं देते हुए जागरुकता अभियान चलाते हुए केंद्रों पर लोगों को मसीत की प्रधानाचार्य कमलेश रानी, सुपरवाइजर नीमा विष्ट,दीपा उप्रेती, शफीकन खान, राजकुमारी के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती हरभजन कौर,राधा चंद्र, परमजीत कौर,सुमन, अमरीन, उषा, शबाना,नीतू ,नीमा जोशी परमजीत,सुमन ढोंडियाल,प्रीति, सुनीता,आशा,पूजा ,कैलाश, गुरजीत कौर,गीता,रानी, हाजना, विमला, कंचन, सीमा,कैलाशो देवी ,रजनी, सुनीता, विमला,उषा, पूजा सहित तमाम कार्यकर्ती शामिल रही।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों रोगियों ने कराई जांच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। डॉक्टर कॉलोनी में स्थित मेडिमा हॉस्पिटल के डॉक्टर आरिफ रसूल व सहयोगी डॉक्टर द्वारा विशाल निःशुल्क चिकित्सों कैम्प का आयोजन वार्ड 6 भूतबंगला प्राथमिक विद्यालय में किया गया। जिसमें आए रोगियों की स्वास्थ्य जांच, उपचार, परामर्श व दवाईया निःशुल्क दी गई। डा.रसूल ने पित्त की पथरी व बच्चेदानी से सम्बन्धित बीमारियों हाइड्रोसील रसोली गांठे



तिल्ली हार्निया अंडदानी आदि रोगों ग्रसित लोगों को देखा व खून की जांचो के साथ-साथ आंखों की जॉचे भी की। उन्होंने कहा खानपान व रहन-सहन की वजह से बीमारियां सामान्य हो गयी है। कैंप में डॉक्टर रूखसाना परवीन, डॉक्टर रिजवान ने 248 रोगियों की जांच कर निःशुल्क दवा वितरित की। हॉस्पिटल के कॉर्डिनेटर शिवानी मण्डल ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य सरल सस्ती सर्जरी के साथ लोगों को जागरूक कराना भी है कि कैसे इन बीमारियों से बचा जाए। कैंप में सहयोगी परवेज कुरैसी, बाली चरण, तलिब पाशा, दिलनवाज बैग, बंटी, बिट्टू शर्मा, मो. जाहिद रजा, मोहसिन, शोईब, देवा, शिवानी, सैफ आदि का सहयोग रहा।

# गणेश महोत्सव में की पूजा अर्चना

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने शुक्रवार को कई स्थानों पर श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान गणेश की पूजा अर्चना की,उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली, तरक्की, आपसी भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द के लिए रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश से प्रार्थना की स इससे पूर्व श्रीमती शर्मा, गंगापुर रोड स्थित स्वर्णिम हिल व्यू सोसाइटी



पहुंची, जहां उन्होंने भव्य तरीके से सजाए गए पंडाल में स्थापित रिद्धि सिद्धि के दाता भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का भव्य स्वागत किया गया, उन्हें पीत वस्त्र डालकर एवं फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर अवधेश सिंह, सुरेश कुमार मिश्रा, इंद्रपाल वर्मा, विनोद शर्मा, रामप्रसाद, नितिन कुमार, मनीषा, पूजा, कांति, सरोज, मुन्नी, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

# एक किलो से अधिक चरस के साथ दो तस्कर पकड़े

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसओजी व कोतवाली ने चैकिंग के दौरान 1 किलो 5 ग्राम अवैध चरस के संख्या- यूके 04 ए एन 3881 पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। जब पुलिस टीम ने उन्हे रुकने का इशारा किया तो वह ओखल कांडा, नैनीलाल बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 01 किलो 05 ग्राम चरस बरामद हुई। दोनों आरोपियों मुलाकात सुरेश निवासी ओखलकाण्डा से हुई और दोनों की जान-पहचान हो गयी और उसने सुरेश से चरस खरीदने के लिये




साथ स्कूटी पर सवार दो नशा तस्कारों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार हरेन्द्र चौधरी प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में मउनि. कुमकुम धानिक पुलिस बल के साथ चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान ठण्डी सड़क संस्कृति कला केन्द्र महाविद्यालय में चौकिंग के दौरान स्कूटी दोनों भागने की कोशिश करने लगे। जिस पर पुलिस टीम ने पीछा कर स्कूटी रोक दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता मौ. अनीश पुत्र मौ. रसीद निवासी आफताब मंजिल कालोनी सिविल लाईन, अलीगढ व विक्रम सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कोटली के विरूद्ध कोतवाली हल्द्वानी में पुलिस नेने स्कूटी सीज कर चरस कब्जे में लेकर दोनों नशा तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पूछताछ के दौरान अनीश ने बताया कि अलीगढ में पहाड़ की चरस काफी महंगे दामों में बिकती है। इस बीच वह पहाड़ आया था। इस दौरान उसकी सम्पर्क किया। फिर सुरेश ने चरस की व्यवस्था की और अपने दोस्त विक्रम के हाथों चरस अनीस को सप्लाई करने के लिए हल्द्वानी भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में म.उ.नि. कुमकुम धानिक चौकी प्रभारी भोटिया पडाव, हे.कानि. संजीत राणा,कानि.अशोक सिंह थे।

# अबीर गुलाल उड़ाकर गणेश जी को किया विदा

नानकमत्ता( उद संवाददाता)। गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ, के उद्घोष एवं रंग गुलाल उड़ाते हुए नाचते गाते भक्तों ने भगवान गणेश जी को विदा किया। आयोजित भंडारे में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के मुख्य चौराहे पर अस्थाई बनाए गए पंडाल में 19 सितंबर से चल रहे चार दिवसीय श्री गणेश महोत्सव शनिवार संपन्न हुआ। प्रात: प्रात: पंडित जगप्रवेश बत्स द्वारा विधि विधान से हवन संपन्न कराया गया। सुंदर सजी ट्रैक्टर ट्राली में गणेश जी उद्घोष के साथ रंग गुलाल उड़ते हुए नाचते गाते भक्तों ने नानक सागर जलाशय के कटी पुलिया के समीप जल में विसर्जन किया। 4 दिन तक काशीपुर से आए श्री महाकाल झांकी के कलाकारों ने भगवान गणेश, शिव पार्वती, कृष्ण सुदामा की सजीव झांकिया प्रस्तुत कर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर लिया। बीती रात बरेली से आई भजन गायिका नीतू सिंह एवं काशीपुर से आए अनिलेश राज के



साथ माही म्यूजिकल ग्रुप नानकमत्ता के कलाकारों ने अपने भजनों पर भक्तों को नाचने के लिए मजबूर कर दिया। विसर्जन के उपरांत आयोजित भंडारे में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया। वहां दिनेश रस्तोगी, सुशील रस्तोगी, राजन चौहान, प्रमोद गर्ग, काशीराम, गुरबख्श सिंह काका, संदीप सिंह, सुनील सागर, ज्ञान मराठा, शिवानी, रानी रस्तोगी, बीना देवी, मंजू देवी, ज्ञान देवी आदि थे।

# पेशी पर आये कैदी को छुड़ाने की कोशिश करता एक दबोचा

किच्छा (उद संवाददाता)। पेशी पर आये कैदी को अफीम देकर उसे छुड़ाने की कोशिश करने वाला अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उप.नि. अरुण कुमार रिजर्व पुलिस लाईन रुद्रपुर ने दी तहरीर में कहा है कि वह हमराही कर्मगणों के साथ उपकारागार हल्द्वानी से पेशी हेतु मुल्जिमों को न्यायालय किच्छा लाया था। न्यायालय परिसर में ही जसवीर सिंह उर्फ जस्सी पुत्र अमरजीत सिंह निवासी ग्राम अर्जुनपुर, रुद्रपुर ने पेशी हेतु लाये मुल्जिम को कुछ सामान देने का प्रयास किया । उसे रोकने पर जसवीर ने गाली गलौच व धक्का मुक्की कर अभियुक्त को छुड़ाने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी देने लगा। इस पर हम कर्मगणो ने आवश्यक बल प्रयोग कर जसवीर उपरोक्त को पकड़ लिया और उसके द्वारा अभियुक्त को दिया जा रहा सामान कब्जे में लेकर उपस्थित थाना आये हैं। पुलिस द्वारा पकड़ कर लाये गये व्यक्ति से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि वह पेशी में आये अभियुक्त को अफीम देने आया था। परन्तु पुलिसवालों ने उसे अफीम देते हुये पकड़ लिया। अपर उपनि अरुण कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष का कारावास

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने नाबालिग लड़की को भगा ले जाकर उसके साथ दुराचार करने के आरोपी को 20 वर्ष के कठोर कारावास और पचास हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी ।विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि बाजपुर थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 13अगस्त 2020 को रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए कहा कि 10अगस्त 2020 को परिवार के साथ बाजपुर में दोपहर करीब 12 बजे खरीरदारी करने गया था साथ में उनकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री भी थी। इसी बीच मौका देखकर थाना बाजपुर क्षेत्र के ग्राम जोगीपुरा,सुखविंदर सिंह के फार्म हाउस पर रहने वाला सतीश यादव उनकी नाबालिग पुत्री को फुसलाकर ले गया। सतीश यादव शादीशुदा व दो बच्चों का पिता है,उसका पुत्री के साथ पहले से ही मेल मिलाप था। साथ ही कहा कि पुत्री को भगाने में सतीश के भैया व भाभी की साजिश है। कहा कि सतीश 08अगस्त 2020 को फार्म हाउस से अपना सामान ले गया था, जब उन्होंने सतीश को फोन किया तो उसने स्वयं को कभी बरेली तो कभी सितारगंज होना बताया। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने 14अगस्त 2020 को लड़की को महेशपुरा थाना बाजपुर से दिन के करीब 12 बजे सतीश के कब्जे से बरामद कर लिया।मेडिकल परीक्षण में दुराचार की पुष्टि हुई है। एडीजीसी विकास गुप्ता ने 8 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दियाजिसके बाद पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने बसन्त कुमार को धारा 5/6 पॉस्को एक्ट में 20 वर्ष के कठोर कारावास और 25 हजार रुपये जुर्माने,धारा 363 में4 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने एंव धारा 366 भा०द०सं० में5 वर्ष के कठोर कारावास और 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी साथ ही कहा कि जुर्माने की धनराशि में से आधी धनराशि पीडिता को दी जायेगी ।पॉस्को न्यायाधीश अश्वनी गौड़ ने सरकार को निर्देश दिए कि पीडिता को क्षतिपूर्ति के रूप में 4 लाख प्रदान करें ।

# प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हुई गणेश पूजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। समाज सेवी संजय ठुकराल के निवास पर बीते पांच दिनों से चल रही गणेश पूजा शनिवार शाम प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हो गयी। गणेश चतुर्थी पर संजय ठुकराल और उनके परिजनों द्वारा विधि विधान से अपने निवास पर गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कराई गयी थी। पांच दिन तक चली पूजा अर्चना के पश्चात बीती शाम गणेश जी को श्रद्धाभाव के साथ विदाई दी गयी। परिवार के लोगों ने गूलरभोज डाम पहुंचकर गणेश जी की प्रतिमा को विसर्जित किया। इससे पूर्व संजय ठुकराल और उनके परिजनों ने गणेश जी की पूजा अर्चना करते हुए सभी के लिए सुख



समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्रीमती दर्शना ठुकराल, संजय ठुकराल, अजय ठुकराल, दीपक ठुकराल, आंचल ठुकराल, सिम्मी ठुकराल, कबीर ठुकराल, जय ठुकराल, निशा, आकाश बठला आदि लोग उपस्थित थे।

# प्रदेश कार्यकारिणी में शामिल पदाधिकारियों का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल द्वारा नैनीताल क्षेत्र के प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान पाने वाले पदाधिकारियों का सम्मान एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने सभी नवनिर्वाचित एवं नवमनोनित पदाधिकरियों का मल्यार्पण कर स्वागत किया। सम्मान समारोह जिन निर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया उनमें नवीन वर्मा प्रदेश अध्यक्ष, प्रमोद गोयल कार्यकारी अध्यक्ष, राजेश अग्रवाल प्रांतीय कोषाध्यक्ष, चन्द्र शेखर पंत प्रांतीय उपाध्यक्ष, नवनीत राणा प्रांतीय संयुक्त महामंत्री, श्रीमती शान्ति जीना प्रदेश मंत्री, रूपेन्द्र नागर प्रदेश मंत्री, मदन सिंह फर्तियाल प्रदेश संगठन मंत्री, हितेंद्र भसीन प्रांतीय संगठन मंत्री, रवेल सिंह आनन्द प्रांतीय संगठन मंत्री, सुनील भारद्वाज प्रांतीय प्रचार मंत्री, राकेश बहुगुणा मुख्य वित्त नियंत्रक, शैलभ पांडे विधि सलाहकार,एमसी वर्मा विधि सलाहकार, राम सिंह बसेड़ा विधि सलाहकार के रूप में शामिल हैं। सभी को सम्मान एवं अभिनंदन पत्र देकर स्वागत किया गया। सम्मान समारोह में प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों द्वारा संगठन हितों पर कार्य करते हुए संगठन के साथ नैनीताल जिले का मान बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की गई। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने किया। कार्यक्रम में शहर की प्रतिभावान कुमारी दीक्षा अग्रवाल को योगा में थाईलैंड में गोल्डमेडल प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। नव मनोनित प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील भारद्वाज द्वारा संगठन की एक क्लर्ड डारेक्टरी बनाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में प्रदेश संरक्षक बाबूलाल गुप्ता, एनसी तिवाड़ी, दिनेश पंत, महिला महामंत्री उर्वशी बोरा, विनीता शर्मा, सिद्धि सुयाल, प्रियंका शर्मा, गीता बिष्ट, मीना सेठ, मंजू पाठक, नीरू भल्ला, ऋतंभरा सोनी, रेनू टंडन, महानगर सचिव गीता कांडपाल, युवा जिलाध्यक्ष सौरभ भट्ट, महामंत्री मधुकर बनोला, महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, युवा अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री कृष्णा फुलारा, भीमताल से कार्यकारी जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह गंगोला, पंकज जोशी, प्रवीण पटवाल, पंकज उप्रेती, भीमताल अध्यक्ष सौरभ रौतेला, मोटाहल्दू अध्यक्ष संदीप पांडे, कालाढूंगी अध्यक्ष मयंक मेहरा, नीरज तिवाड़ी, पूर्व महानगर अध्यक्ष दिगंबर वर्मा, अरविंद चौहान, कौशलेंद्र भट्ट ,ट्रांसपोर्ट नगर एसोसिएशन से इंद्र कुमार भुटियानी, अध्यक्ष अमरजीत सिंह, महामंत्री प्रदीप सब्बरवाल, नीरज गुप्ता,उपेंद्र कनवाल, साहिल चौहान, संदीप गुप्ता, संदीप सक्सेना, अनूप टंडन, अतुल प्रताप सिंह सहित व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मेजबान देवलचोड़ नगर अध्यक्ष पंकज प्रफुल्ल पांडे ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने पर आभार व्यक्त किया।








# नाले में नहाते किशोरी की डूबने से मौत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कालाढूंगी थाना क्षेत्र में गडप्पू चौकी के पास नाले में नहाने के दौरान एक किशोरी की एक डूब गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी प्रयासों के पश्चात किशोरी को नाले से बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार गत दोपहर बाद कुछ बच्चे जंगल में लकड़ी बीनने गए थे। इस दौरान गड़प्पू पुल के नीचे लकड़ी बीनने के साथ ही नाले के पानी में नहाने लगे। तभी नाले में नहा रही 16 वर्षीय नाजिश पुत्री नजाकत निवासी मस्जिद वाली गली बरहैनी बाजपुर नाले के गहरे पानी में डूब गई। साथियों ने उसे निकालने का प्रयास किया।लेकिन सफलता नहीं मिली। मामले सूचना तत्काल पास में स्थित पुलिस चेकपोस्ट में दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर काफी प्रयासों के बाद देर शाम शव को बाहर निकाला। परिजनों के अनुसार मृतक आठ भाई– बहनों में दूसरे नंबर की थी। नाजिश अपने परिजनों के साथ प्रतिदिन गड़प्पू के जंगल में लकड़ी बीनने जाती थी। शनिवार को लकड़ी बीनने के बाद गर्मी अधिक होने के कारण नाले में नहाने के लिए चली गई।

# आम्रपाली की टीम ने जीती हांडी फोड़ो प्रतियोगिता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वैश्य महासभा के गणेश महोत्सव कार्यक्रम के पांचवे दिन क्षेत्र की अकेली दही हांडी फोडो प्रतियोगिता का आयोजन रामलीला ग्राउंड में किया गया। प्रतियोगिता में आम्रपाली इंस्टिट्यूट की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर अतिथि अंतर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर मुकेश पाल, प्रदीप बिष्ट, प्रदीप जनौटी, प्रकाश रावत, चंदन बिष्ट, भगवान सहाय अग्रवाल का स्वागत महासभा द्वारा किया गया। शाम भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध कलाकार ध्रुव शर्मा एवं स्वर्णश्री के भजनों का सभी धर्म प्रेमी जनता ने आनंद लिया। इसके पश्चात गणेश जी को छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया जिसमें 150 से अधिक परिवारों ने अपना सहयोग किया और सामाजिक एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर आलोक शारदा, भवानी शंकर नीरज, देवेंद्र केसरवानी, विनीत अग्रवाल, सीमा देवल, दीपिंका अग्रवाल, अतुल जायसवाल, उमेश गुप्ता, विपुल अग्रवाल, कपिल अग्रहरि आदि सदस्य उपस्थित थे।



# डीएम ने किया निर्माणाधीन एसटीपी का निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने शनिवार को किच्छा बाईपास रोड बीएचईएल के पास निर्माणाधीन फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेनपावर बढाते हुये प्लांट निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि समय से निर्माण पूर्ण होने से क्षेत्रीय जनता को इसका लाभ समय से मिल सकेगा। उन्होने कहा कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियंता पेयजल निगम मृदुला सिंह को निर्देश दिए अक्टूबर माह के भीतर प्लांट की ट्रायल टेस्टिंग प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान तरुण शर्मा, पेयजल निगम मृदुला सिंह, अधिशासी अभियंता यान्त्रिक शाखा हल्द्वानी सुधीर कुमार, अधिशासी अभियन्ता जल निगम काशी पुर शिवम द्विवेदी आदि उपस्थित थे।






# प्रतिमा के विसर्जन के साथ गणेश महोत्सव संपन्न

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल गणेश उत्सव समिति द्वारा नैनीताल रोड पर स्थित सिडकुल चौक में आयोजित गणेश उत्सव का श्री गणपति बप्पकी प्रतिमा के विसर्जन के साथ बड़े ही धूमधाम से भव्य समापन हो





गया। सिडकुल इंटरप्रिनियोर वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा ने स्वयं ढोल- नगाड़े बजाकर गणपति बप्पा को सिडकुल चौक से विदाई दी। महोत्सव का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ ने शुभारंभ किया था। समारोह में एसपी सिटी मनोज कत्याल सहित कई गणमान्य अतिथियों विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, समाजसेवी भारत भूषण चुघ, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल तथा कई उद्योगपतियों ने सपरिवार गणेश उत्सव में पहुंच कर गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की थी। आयोजित हुए सिडकुल गणेश उत्सव में जिले के कई स्कूलों, पंतनगर सिडकुल और कई संस्थाओं के बच्चों ने आकर्षक रंगारंग कार्यक्रमों की मनमोहन प्रस्तुति से सभी को खूब आकर्षित किया। कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी स्कूलों के बच्चों और संगठनों के कलाकारों को सिडकुल इंटरप्रिनियोर सोसाइटी के सदस्यों ने सम्मानित भी किया। श्री गणपति बप्पा की प्रतिमा की विदाई के दौरान उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने अबीर गुलाल उड़ाकर भगवान गणेश जी के जयघोषों से सारा वातावरण गुंजायमान कर दिया। इस मौके पर पंडित भैरव दत्त शर्मा, आशुतोष शर्मा,श्री गणपति महोत्सव के संयोजकों में टाटा मोटर्स प्लांट हेड श्रीनाथ शर्मा, बजाज ऑटो फ्रंट हेड अरुण टोंक, टाइटन प्लांट हेड संजय सिंघल, ऐसी ई डबलु एस प्रधान श्रीकर सिन्हा, पीबीएस रावत, अनिरूद्ध जोशी, मिलेन्द्र हुंडेकर, मनीष शर्मा, डा. संजय शर्मा, रूपा शर्मा, नरेश जोशी, दीक्षा जोशी, तेजू बघेल, अरूण टोंक, सुमेधा टोंक, मनोज सक्सेना, राजेश कुमार, चिराग मेहता, सुधीर मिश्रा, संदीप उपाध्याय, उत्तम जंतवाल, अनूप सिंह, संदीप भगत, राजेश मिश्राप्रदीप सांगवान, अजय तिवारी, हरनाम चौधरी, राजेश मद्दान, मनोज सक्सेना, हरेंद्र पाठक, एमएम.एल जोशी, तेजराम बघेल, रवि अग्रवाल, कुशल अग्रवाल, हरीश गौरव, माहेश्वरी, दीपेश चौहान, अनुरागम वत्स, अनित सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, दीपक सोनी, विनीत शर्मा, शरद अग्रवाल, राजेश मिश्रा, नितिन गुप्ता, हिमांशु, मिलिंद, बालेंदु, यासमीन, अंशुमान कुशवाहा और सिडकुल बजाज आटो, टाटा मोटर्स वंडर पार्क व इकाइयों के अधिकारी मोजूद थे।

# ऑटो डीलर यूनियन का हुआ गठन,सतीश अध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।ऑटो डीलर व्यवसायियों की बैठक फोर व्हीलर व टू व्हीलर यूनियन का गठन किया गया। सर्वसम्मति से सरपरस्त जितेंद्र कुमार,प्रदीप अरोरा,उमेश कुमार 'रोजी', राजकुमार नारंग, ओमप्रकाश मुंजाल,सुभाष गुम्बर को बनाया गया। अध्यक्ष सतीश दुआ, उपाध्यक्ष विपिन नारँग, मनीष ग्रोवर, कोषाध्यक्ष



सचिन मलहोत्रा, महामंत्री अभिनव सिंघल, संगठन मंत्री कोमल नारंग, संजू छाबड़ा, सचिव विशाल खेड़ा, उपसचिव नवीन कुमार चुने गये। कार्यक्रम में सभी पदाधि कारियों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी गयी। एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश दुआ ने कहा कि अभी हमारा कोई संगठन नही बना था अब संगठन बनने से सभी ऑटो डीलर व्यवसायियों की समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने सभी ऑटो डीलर व्यवसायियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी गयी है उस पर पूरी निष्ठा से काम करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करेंगे।

# गणेश महोत्सव में ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा वार्ड नंबर 22 में शनि मंदिर पर श्री श्याम ग्रुप द्वारा गणेश महोत्सव पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व संजय ठुकराल ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर गणेश महोत्सव का शुभारंभ करते हुए श्री गणेश वंदना में भाग लिया एवं पूजा अर्चना की। इस दौरान पूर्व विधायक ठुकराल ने रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश प्रतिमा के समक्ष शीश नवाकर क्षेत्र में सुख समृद्धि एवं शान्ति की



कामना की पूर्व विधायक ठुकराल ने अपने सम्बोधन में कहा कि श्री गणेश जी की आराधना से सभी विघ्नों का नाश होता है उन्होंने कहा कि पूरे देश में गणेश महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान कमेटी द्वारा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री गणेश महोत्सव पर सभी भक्तों ने गणेश जी की पूजा अर्चना की । इस दौरान गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से चारों को सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ और भक्तजन भक्तिरस में झूमते गाते नजर आए स इस दौरान बंटी कोली ,राहुल कश्यप, अभी कोली, विशाल कोली, सचिन कोली, अजय कोली, दीपक कोली, अर्जुन कोली ,पप्पू कोली आदिथे।

# दरबार में घाटे वाले के दुख दर्द मिटाये जाते हैं...

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री राजेंद्र अग्रवाल जी के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार प्रीत विहार फेस 1 में राजीव गुप्ता की ओर से सजाया गया। जहां दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने दरबार में पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया। दरबार का शुभारंभ विधि वत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा, आज शनिवार है महावीर का वार है सच्चे मन से जो कोई गावे उसका बेड़ा पार है भजन से हुआ। दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल का परिवार द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने याही में भागवत याही में गीता, जलती रहे घाटे वाले ज्योत तेरी जलती रहे, छोड़ सारी दुनिया मैं आया तेरे द्वारे, जो प्रेम से बोलेगा मेरे बाबा के जयकारे भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में आमंत्रित भजन गायक रितेश मनोचा एवं संजीव शर्मा ने बाबा के सुंदर सुंदर भजनों के वर्षा की एवं अजय जायसवाल ने दरबार में घाटे वाले के दुख दर्द मिटाये जाते है , बिट्टू अरोरा ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, पवन खेड़ा ने चलो दर्शन को मेंहदीपुर चलिये, रोहन भटनागर ने मेंहदीपुर के बालाजी, सुनील कुमार ने ये प्रार्थना मेरी, आयुष अरोरा ने देना है तो दे दे या लौटादे आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर खघ्रैत कुमार, नरेश ग्रोवर, बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, डी के करगेती, शिव कुमार, लवी अरोरा, आयुष अरोरा, सौरभ अग्रवाल, अमन श्रीवास्तव, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, पवन खेड़ा, अंटू रस्तोगी, बबलू रस्तोगी, पप्पू कश्यप, गोविंद कुमार, वैभव गगनेजा, हरीश कालरा, विराट कुमार आर्य, राजा राधे, मनीष गोयल, विक्की यादव, मोहित देवल, मोहित नारंग एवं गौरव अग्रवाल आदि सैंकड़ों भक्त थे।





# धान खरीद के लिए समय पर पूरी करें व्यवस्थाएं: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधि कारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों, किसानों व राईस मिलर्स पदाधिकारियों के साथ धान खरीद 2023-24 की समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने धान क्रय करने में किसानों को आ रही दिक्कतों के बारे में किसानों से चर्चा कर सुझाव लिये। इस दौरान किसानों ने कहा कि जनपद में धान क्रय केन्द्र और बढ़ाये जायें जिससे कि किसानों का धान समय खरीदा जा सकें और किसान अनावश्यक रूप से परेशान न हो। किसान संगठन के प्रतिनिधि यों ने कहा कि किसानों को पोर्टल पर पंजीकरण हेतु समय से पोर्टल को अपडेट किया जाये जिससे कि किसान अपना समय से पंजीकरण करा सकें। किसानों ने आरएफसी से कहा कि सभी क्रय केन्द्रों को समय से धान मिलों का आवंटन किया जाये एवं इलैक्ट्रीक काटों का परीक्षण हेतु प्रत्येक केन्द्रों पर एक वॉट भी रखा जाये जिससे कि किसी प्रकार की गड़बड़ी की आशंका होने पर किसान अपनी आशंका का समाधान कर सकें। किसान संगठन के प्रतिनिधियों ने कहा कि कच्चे आड़तियों द्वारा धान में नमी, धान की सफाई, क्वालिटी आदि को लेकर किसानों को परेशान किया जाता है, जिसको रोकने की आवश्यकता है। किसानों ने कहा कि



पीआर 26 को भी खरीदा जाये। जिलाधि कारी ने किसानों को आश्वासन देते हुये कहा कि किसानों के हित में जो भी होगा अवश्य किया जायेगा। किसानों को किसी प्रकार की समस्या नही आने दी जायेगी। उन्होने सभी क्रय एजेंसियों व कच्चा आढ़तियों से कहा कि धान खरीद में किसानों को अनावश्यक परेशान न किया जाये तथा किसानों को समय से भुगतान किया जाये। उन्होने कहा कि किसाना हमारे अन्नदाता है किसानों की प्रत्येक समस्या का समाधान किया जायेगा। उन्होने कहा कि व्यवहारिक रूप से जो भी किसानों के लिये सहयोग होगा हम सहयोग करेगें। उन्होने कहा कि 01 अक्टूबर, 2023 तक धान खरीद की सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि धान खरीद की पूरी मॉनिट्रिंग की जायेगी। उन्होने सभी क्रय एजेन्सियों को निर्देश दिये कि अपने अपने क्रय केन्द्रों एजेन्सी के नाम का फ्लैक्सी लगवाये एवं उस पर सम्बन्धित क्रय केन्द्र प्रभारी का नाम, मोबाईल नम्बर उप सम्बन्धित क्षेत्र के उप जिलाधिकारियों का नाम व मोबाईल नम्बर भी अंकित करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्याआ होने पर वार्ता कर समाधान कर सकें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी क्रय केन्द्रों पर पंखा, नमी मापक यंत्र, कॉटा, पीने के लिये पानी आदि सभी आवश्यक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी/धान क्रय प्रभारी जय भारत सिंह ने बताया कि जनपद में 01 अक्टूबर, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक प्रातः 9 बजे से सांय 05 बजे तक धान क्रय किया जायेगा। उन्होने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य कॉमन धान 2183 रूपया प्रति कुन्टल व ग्रेड ए धान 2203 रूपया प्रति कुन्टल है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राज्य किसान आयोग राजपाल सिंह, आरएफसी बीएम फिरमाल, उप निदेशक मण्डी निर्मला बिष्ट, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, राकेश तिवारी, तुषार सैनी, अभय प्रताप सिंह, रविन्द्र बिष्ट, गौरव पाण्डेय, कृषक साहब सिंह, तेजेन्द्र सिंह, विक्रम जीत सिंह, ठा0 जगदीश सिंह, टीका सिंह सैनी सहित सम्बन्धि त विभागीय अधिकारी, किसान व राईस मिलर्स के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# इन्वेस्टर्स समिट को लेकर सीडीओ ने ली बैठक

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।आगामी समय में उत्तराखंड में होने वाले इन्वेस्टर्स समिट के मद्देनजर मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जनपद स्तरीय अधि कारियों के साथ खाली पड़ी विभागीय भूमि को चिन्हित कर उसकी रिपोर्ट बनाने हेतु बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से कहा कि आगामी समय में उत्तराखंड में इंवेस्टर्स समिट प्रस्तावित



है। इसलिए सभी विभाग अपनी अपनी विभागीय भूमि की रिपोर्ट तैयार करें, जिससे इन्वेस्टर्स समिट में जनपद से पूर्ण जानकारी उपलब्ध हो सके तथा इन्वेस्टर्स को जनपद में इन्वेस्ट करने के लिए आकर्षित कर भूमि उपलब्ध कराई जा सके। इसके साथ ही उन्होंने 30 सूत्रीय कार्यक्रम, अवैध अतिक्रमण आदि के संबंध में भी अधि कारियों को दिशा निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 30 सूत्रीय कार्यक्रमों में सभी अधिकारी विशेष प्रगति से कार्य करें। साथ ही उन्होंने सभी अधि कारियों को निर्देश दिए कि जहां भी विभागीय परिसंपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण किया गया है वहां अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए कार्यवाही करें । बैठक में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रेनू भंडारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ उदयशंकर, मुख्य कृषि अधिकारी डी कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## भारतीय खिलाड़ियों पर रोक

चीन के हांगझोऊ शहर में 19वें एशियन गेम्स में 24 सितम्बर को शुरू होने वाले वुशू गेम के लिए अरुणाचल प्रदेश के तीन खिलाडियों को हिस्सा लेने जाना था। एशियन गेम्स 2023 की इवेंट कमेटी ने खेल में भाग लेने की मंजूरी दे दी थी, लेकिन चीन ने इन तीनों खिलाडियों की एंट्री पर रोक लगा दी है। भारत ने चीन के इस कदम का विरोध किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि भारतीय नागरिकों के प्रति चीन के भेदभावपूर्ण व्यवहार को हम खारिज करते हैं। चीन की कार्रवाई एशियन गेम्स की भावना, इवेंट के नियमों का उल्लंघन है। उधर, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एशियन गेम्स में शामिल होने के लिए अपना चीन दौरा रद्द कर दिया है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि 'मैं चीन के इस फैसले की निंदा करता हूं।' अरुणाचल प्रदेश विवादित क्षेत्र नहीं है, बल्कि भारत का अभिन्न अंग है। चीन के इस कदम से राज्य की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आएगा। चीन के इस कदम पर इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी को रोक लगानी चाहिए।गौरतलब है कि चीन सालों से अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा करता रहा है। भारत के इस हिस्से को चीन दक्षिण तिब्बत कहता है। सितंबर 2023 में चीन ने देश का लेटेस्ट मैप जारी किया था, जिसमें पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल और पूर्वी लद्दाख में अक्साईचिन क्षेत्र को अपनी सीमा में दिखाया था। इससे पहले चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इससे पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। भारत-चीन सीमा विवाद दरअसल ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन की देन है। चीन का मानना है कि सीमाई जमीन का एक बड़ा हिस्सा (1,20,000 वर्ग कि.मी.) 'ऐतिहासिक रूप से' उसका है। यह जमीन दरअसल तीन क्षेत्रों-पश्चिमी क्षेत्र (लद्दाख), मध्य क्षेत्र (हिमालयीय पहाड़ी) और पूर्वी क्षेत्र-में फैली हुई है। पूर्वी क्षेत्र को भारत अरुणाचल प्रदेश कहता है, जबकि चीन उसे दक्षिण तिब्बत मानता है। चीन का आरोप है कि अंग्रेजों ने वर्ष 1914 में तिब्बत, चीन और ब्रिटिश भारत के बीच सीमा रेखा (मैकमोहन लाइन) खींचने के लिए चीन में फैली फूट और अराजकता का लाभ उठाया। हालांकि समझौते की पहल चीनी प्रतिनिधि ने की थी, लेकिन बाद में उसने उसका अनुसमर्थन करने से इनकार कर दिया। उसका दावा था कि अंग्रेजों ने अपने शासित देश भारत को जमीन हस्तांतरित करने के लिए छल-कपट का इस्तेमाल किया। भारत ने हमेशा चीन के इस 'ऐतिहासिक' दावे का खंडन किया है। उसका कहना है कि यह दावा न तो तथ्यों पर आधारित है और न ही वैध है। 20 अक्तूबर, 1962 में चीन का भारत पर हमला भी सीमा विवाद को लेकर ही हुआ था। भारत आज भी इस हार को भूला नहीं, लेकिन चीन की खोटी नियत को देखते हुए भारत की वर्तमान सरकार ने चीन के साथ लगती सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। सीमा पर तनाव तो अब भी बना हुआ है। भारत के दृढ़ संकल्पों और इरादों को देखते हुए चीन अब क्षेत्र के नाम बदलने, गलत नक्शा बनाने व खिलाडियों पर रोक लगा अपनी, भारत विरोधी भावना को ही जगजाहिर कर रहा है। भारत को चीन की रीति नीति देख सतर्क रहने की आवश्यकता है। भारत के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते राजनीतिक कद और मजबूत होती आर्थिक स्थिति भी चीन के लिए परेशानी का कारण है। इसलिए वह भारत पर दबाव बनाये रखने के इरादे से ही ऐसी नकारात्मक हरकतें कर रहा है।

# पोषण मेले मे बताये मोटे अनाज के फायदे

**4 बच्चों का अन्नप्राशन,4 गर्भवती महिलाओं की हुई गोदभराई, तीन को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट विरित**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दरियानगर क्षेत्र के वार्ड 18 स्थित सामुदायिक केंद्र में पोषण माह के अंतर्गत पोषण मेला का आयोजन सेक्टर लेवल पर किया गया। पोषण मेले में करने और आयरन और पोषक तत्वों से युक्त फल सब्जियों का सेवन करने का आह्वान किया गया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी श्रीमति आशा नेगी द्वारा पोषण इत्यादि के बारे में पोषण मेले में उपस्थित जनों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 4 बच्चों का अन्नप्राशन और 4 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई, इसके साथ ही 3 माताओं को परीक्षण किया गया और टेस्ट भी किया और योजनाओं के बारे में चर्चा की ओर मोटे अनाज से बने व्यंजनों की तारीफ की। बाल विकास विभाग रुद्रपुर शहर से पोषण मेले में परियोजना अधिकारी





मोटे अनाज से बने व्यंजन और सूखे मोटे अनाज और मोटे अनाज से बनी रंगोली और फल और सब्जियों से पोषण परी और मोटे अनाज से पोषण मटका को बनाकर प्रदर्शित किया गया। उपस्थित महिलाओं को मोटे अनाज के लाभ बताते हुए इन्हें अपने आहार में शामिल कार्यक्रम के माध्यम से विभिन्न विभागीय योजनाओं .पी०एम०एम० वी०वाई, नंदा-गौरा योजना , मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना, गेहूं आधारित पोषाहार योजना, मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना , मुख्यमंत्री बाल पालाश योजना , मुख्यमंत्री महिला पोषण योजना मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट का वितरण किया गया। पोषण के साथ पढ़ाई भी के साथ पढ़ाई भी और मेरी माटी मेरा देश गतिविधि कराई गई तथा अम्मा की रसोई में लोहे की कढ़ाई में आयरन से युक्त व्यंजन भी बनाए गए । लाभार्थियों द्वारा मोटे अनाज से बने व्यंजन का श्रीमती आशा नेगी और क्षेत्रीय सुपरवाइजर श्रीमती आंचल और और क्षेत्रीय कार्यकर्ता और सहायिकाएं अंजू आहूजा, गुरविंदर ,अनिता मिश्रा, कमला गोस्वामी ,कमलेश पटवाल ,बबली विश्वास,रिचता मालिक,सरिता बोरा, दीप्ति विश्नोई आदि लोग उपस्थित रहे।

# नशे के कारोबारियों पर जेवर व नगदी लूटने का आरोप

**कोतवाली पहुंच की कार्रवाई की मांग**

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।नशे के कारोबारियों पर जेवर व नगदी लूटने का आरोप लगाते हुए खेड़ा निवासी फरियादी ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। उसका कहना है कि मोहल्ले में रहने वाले कुछ लोग मोहल्ला खेड़ा कालोनी,वार्ड न0-18 में नशे के इन्जेक्शन बेचने का कार्य करते है उक्त कारोबार को लेकर कई बार मोहल्ले के लोगों से उनकी लड़ाई हो चुकी है। कई



बार आबाकारी विभाग के द्वारा छापा भी मारा गया है। लेकिन उक्त लोग यह करोबार करने से बाज नही आते है यदि मोहल्ले का कोई व्यक्ति आपत्ति करता है तो उसके साथ मारपीट करते है और पुलिस में अच्छी साठ गाठ होने व झूठे मुकदमें में जेल कराने की धमकी देते है। ऐसे लोगों के परिवार में कई सदस्य नशे का कारोबार करने के सम्बन्ध में जेल काट रहे है। उसका आरोप है 22 सितंबर को उसके दरवाजे पर एक युवक इन्जेक्शन बेच रहा था। नशेड़ी लोग गालियाँ बक रहे थे जिनकी आवाज सुनकर वह बाहर आया और हटने के लिए कहा। इसी बात को लेकर विवाद हो गया, तभी कई नशा कारोबारी अपने हाथों में लाठी डन्डे सरिये आदि लेकर घर में घुस आये और आते ही परिजनों के साथ मारपीट की और परिजनों के पहने जेवर तथा 15 हजार रूपये भी लूट लिये। सभी लोग जाते जाते फिर से देख लेने व पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकिया दे गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिसे देवी रुक्मणी कहा जा रहा क्या वह अंबिका प्रतिमा है?

दमोह जिले के जैन तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर स्थित माता रुक्मणी देवी के मंदिर में एक बार फिर ऐतिहासिक प्रतिमा विराजमान हुई। यह प्रतिमा साल 2002 में तस्करों ने चुरा ली थी। बाद में यह प्रतिमा राजस्थान के हिंडोला से होते हुए वापस दमोह लाई गई थी। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के प्रयासों इसे पुन: विराजमान कराया गया। यह प्रतिमा राजस्थान के हिंडोला से बरामद हुई थी। बाद में इसे विदिशा जिले के ग्यारसपुर संग्रहालय में रखा गया था। 2019 में यह प्रतिमा दमोह लाई गई थी। तब से यह प्रतिमा दमोह के दमयंती संग्रहालय में सुरक्षित रखी हुई थी। एक दैनिक अखबार में समाचार देखा था- "प्रतिमा को जैन तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर से सटे अंबिका देवी मंदिर से 4 फरवरी 2002 को चोरी कर लिया था।" इस प्रतिमा को रुक्मणी प्रतिमा और अंबिका मंदिर को रुक्मणी मठ बताया जा रहा है। कुण्डलपुर की ही एक और अंबिका प्रतिमा है जो सम्भवत: दमोह संग्रहालय में संरक्षित है। जिस प्रतिमा को श्रीकृष्ण-रुक्मणी की प्रतिमा कहकर कई वर्षों से आन्दोलन चलाया जा रहा था वह प्रतिमा वस्तुत: श्रीकृष्ण- रुक्मणी की प्रतिमा प्रतीत नहीं होती। वह प्रतिमा तेईसवें तीर्थंकर नेमिनाथ की शासन देव-देवी (यक्ष-यक्षी) की प्रतिमा ज्ञात होती है। इसे किस पुरातत्त्वविद् ने, किस आधार पर श्रीकृष्ण-रुक्मणी की प्रतिमा घोषित कर दिया, उन्हें पुन: सामने आकर इसके मूर्तिशिल्प लक्षणों का विश्लेषण कर वास्तविकता बताना चाहिए, अन्यथा इसकी पूजा-आराधना करने वाली जनता की आस्था के साथ खिलवाड़ होगा। इस प्रतिमा को श्रीकृष्ण-रुक्मणी प्रतिमा कैसे मान लिया गया, यह आश्चर्य जनक है। चूंकि कुण्डलपुर परिक्षेत्र का जैन समाज जैन शासन देवी-देवता की पूजा नहीं करता इस कारण सम्भवत: उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी कि उसकी अन्य समाज किसी रूप में आराधना करे। लेकिन वास्तविकता हमें ज्ञात होना चाहिए। आगे दिये गये विश्लेषण और अन्य प्रतिमाओं को देखें तथा उस आधार पर प्रतिमाविज्ञानियों से ज्ञात कर अपनी आस्था बनाएँ। यह प्रतिमा श्रीकृष्ण-रुक्मणी की नहीं, अपितु गोमेध-अंबिका की प्रतीत होती है। जहां से यह चोरी हुई थी वह स्थान पहले अंबिका मंदिर भी कहा जाता था।

**गोमेध अंबिका**- जैन आगम के विक्रम संवत् 233 के प्राकृत ग्रन्थ तिलोयपण्णत्ती और उसके बाद के हरिवंशपुराण आदि ग्रन्थों में चौबीस तीर्थंकरों के अलग अलग, एक-एक शासन देव-देवी युगल निरूपित हैं। उन्हें यक्ष-यक्षी भी कहा जाता है। ये यक्ष-यक्षी जिनों के सेवक देव के रूप में संघ की रक्षा करते हैं। जैन प्रतिमा विज्ञान में भी इनका सूक्ष्मता से वर्णन किया गया है। प्राचीन प्रतिमाओं के चिह्न नहीं पाये जाने पर इन्हीं यक्ष-यक्षी को देख-पहचान कर ही निर्धारित किया गया और किया जाता है कि यह किस तीर्थंकर की प्रतिमा है। कुण्डलपुर के बड़े बाबा के सिंहासन के सिंहों को देख कर पहले इसे भगवान महावीर की प्रतिमा माना जाता है, कुछ लोग अभी भी यही जानते हैं, किन्तु इस प्रतिमा के पादपीठ पर गोमुख यक्ष और चक्रेश्वरी यक्षी को देखकर ही प्रथम



तीर्थंकर ऋषभदेव की प्रतिमा माना गया।

**गोमेध**- तीर्थंकर नेमिनाथ के यक्ष 'गोमेध' का नाम कहीं कहीं 'गोमेद' भी मिलता है। इसका श्याम वर्ण कहा गया है। इसे द्विभुज से षड्भुज तक कहा गया है। अलग अलग ग्रन्थों के अनुसार गोमेध के आयुध-अक्षसूत्र, यष्टि, फल मातुलिंग, परशु, चक्र, सनालपद्म, नकुल, शूल और शक्ति आयुध कहे गये हैं, जिन्हें शिल्पकार स्थान, देश-काल, और तात्कालिक परिस्थितियों के अनुसार शिल्पित करते रहे हैं। इसका वाहन नृ-वाहन अर्थात् मनुष्य वाहन और पुष्प या पुष्पमाल वाहन कहा गया है। कहीं कहीं सिंह वाहन भी है। गोमेध के एकल प्रतिमांकन हमने कहीं नहीं देखे हैं, अंबिका के साथ युगल प्रतिमांकन बहुधा हुए हैं और तीर्थंकर नेमिनाथ की प्रतिमा के साथ उनके परिकर में तो अनेकों स्थानों पर शिल्पांकन पाये जाते हैं। इसकी एकल या युगल प्रतिमाओं के शिरोभाग पर उनके आराध्य तीर्थंकर की लघु पद्मासन प्रतिमा का अंकन अनिवार्य रूप से होता है।

**अंबिका**- अंबिका 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ की यक्षी है। इस यक्षी के अम्बिका, अम्बा, आम्रा, आम्रकूष्माण्डी, कूष्माण्डनी, अंबिला, तारा, गौरी, वज्रा, आदि नाम मिलते हैं। अंबिका नाम अधिक प्रसिद्ध है। इस यक्षी के दो भुजाएं वर्णित हैं, किसी किसी ग्रन्थ में चतुर्भुजा भी बताया गया है। आम्र वृक्ष के नीचे उसकी छाय में आम्र लुंबी, आम की डाली पकड़े हुए, आम्र गुच्छक पकड़े हुए आम की डाली ने नीचे आदि प्रकार से इसे शिल्पित किया जाता है। इस देवी के आयुधों में- शंख, चक्र, तोमर, पास, आम्र फल, वरद मुद्रा इनमें से स्थान और भुजाओं अनुसार उत्कीर्णित किया जाता है। इसके दोनों ओर एक एक बालक प्रियंकर और शुभंकर अंकित किए जाते हैं। उन्हीं के नाम सिद्ध और बुध भी मिलते हैं। कहीं-कहीं एक बालक ही अंकित किया जाता है, और किसी प्रतिमा में दोनों बालकों का बाम पार्श्व में दर्शाया गया है। द्विभंगासन में खड़े हुए होने पर एक छोटे बालक को बाम कटि पर लिये हुए अंकित किये जाने की परम्परा है और यदि यक्षी ललितान में बैठी उत्कीर्णित की जाती है तो उसकी गोद में, बल्कि वायें टखने या जंघा पर छोटे बालक को बैठा दर्शाया जाता है।दांयी ओर का बालक पास में खड़ा नग्न किन्तु मौज्जी, कड़ा आदि से अलंकृत रहता है। वह प्राय: अंबिका माता के हाथ की उंगली पकड़े दिखाया गया है। यह अपेक्षाकृत बड़ा होता है।

छोटा बालक प्रियंकर जिसे अंबिका गोद में बैठाये या लिये हुए दर्शायी जाती है वह माता की मौक्तिक माला को पकड़े हुए होता है। कहीं-कहीं स्वाभाविक रूप दर्शाने कि लिए बालक माता की स्तनमाला पकड़े हुए और खींचने से टूट गई है, टूटी हुई माला उसको पकड़े हुए दर्शाया गया है। अंबिका का शिल्पांकन दक्षिण भारत और उत्तर भारत में समान रूप से हुआ है। इसका अंकन छठी शताब्दी से 18वीं शताब्दी तक अनवरत हुआ है। अंबिका अलग कारणों से बहुत प्रतिद्धि है, इसलिए इसकी एकल प्रतिमाएँ भी बहुतायत में हैं। कहीं कहीं तो अंबिका के परिकर में चौबीस तीर्थकरों की प्रतिमाएँ हैं। अंबिका की एकल या युगल प्रतिमा के शिरोभाग पर कम से कम एक पद्मासन जिन प्रतिमा अवश्य शिल्पित किये जाने की परम्परा है। घोषित रुक्मणी प्रतिमा में गोमेध- उल्लिखित श्रीकृष्ण/गोमेध के पादपीठ पर हाथ जोड़े हुए मनुष्य है, एक और आकृति भंग है। आभरण देवोचित हैं जो अधिकतर सभी देवों के होते हैं। दो भुजाएं हैं, दक्षिण भुजा भंग है, इस कारण अस्त्र क्या है, कहा नहीं जा सकता। बायीं भुजा में सनाल द्विदलयुक्त कमल स्पष्ट है। मुकुट में शंख बना है, जो तीर्थंकर नेमिनाथ का चिन्ह है। शिर पर आम्रपत्र की एक डाल आच्छादित है। युगल के मध्य वितान में पद्मासनस्थ जिन की लघु प्रतिमा है। घोषित रुक्मणी प्रतिमा में अम्बिका- रुक्मणी/अम्बिका द्विभंगासन में है। इसके पादपीठ पर मनुष्य-आराधकों की चार आकृतियां हैं, जो अंजलिबद्ध दर्शायीं गई हैं। बायीं ओर पादासन की बरावरी पर एक भक्त अंजलिबद्ध है, जो भग्न है। दायीं ओर एक बालक (अनुमानित-प्रियंर) आम्र-पेड़ पर चढ़ते हुए सा दर्शाया गया है। कुछ खंडित होने से पूर्ण स्पष्ट नहीं है। देवी की दायीं भुजा में कोई फल है, किन्तु हथेली नीचे की ओर की हुई है, बायें हाथ से एक छोटे बालक (अनुमानित -शुभंकर) को कटि पर सम्भाले हुए है। बालक का ऊपर का भाग खण्डित है किन्तु उसके पैरों से उदर के ऊपर तक का भाग स्पष्ट है तथा देवी के हाथ की अंगुलिकाएं स्पष्ट हैं। सभी आभरण देवोचित हैं। शिरोभाग पर आम्रपत्र की एक डाल आच्छादित है। ऊपर आम्रपत्र की साख के आगे पद्मासनस्थ लघु जिन प्रतिमा शिल्पित है। इस कही गई रुक्मणी प्रतिमा के सभी लक्षण अम्बिका के ही प्रतीत होते हैं। रुक्मणी मठ को पहले अंबिका मंदिर कहा जाता था। इस मठ/मंदिर में अभी भी मूल स्थान पर एक सपरिकर पद्मासन जिन प्रतिमा का खंडित अधोभाग स्थापित है, इसके शेष बचे परिकर में पूर्ण लघु जिन प्रतिमाएं देखीं जा सकती हैं।

-डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज'

# धूमधाम से मना राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस

रुद्रपुर/नानकमत्ता (उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवियों ने बड़े ही धूमधाम से स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर सर्वप्रथम स्वयंसेवियों ने





स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया जिसमें सेवित क्षेत्र के प्रीत विहार, बरार कॉलोनी, अपना एनक्लेव इत्यादि क्षेत्र में घूम-घूम कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात विद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवियों ने डेंगू के प्रति सचेत रहने तथा लोगों को सचेत करने की शपथ ली। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसमें आदित्य शुक्ला, रचित शर्मा तथा जयकुमार विश्वास ने मधुर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा ने एनएसएस के उद्देश्य तथा इतिहास के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आज एनएसएस स्वयं से एक कुशल नागरिक के रूप में अनेक क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षक राजपति बिंद, कुलदीप कुमार गहलोत, गजेंद्र सिंह सिकरवार एवं यतेंद्र सिंह यादव ने अपने छात्र जीवन मे एनएसएस के दौरान हुए स्मरण की विस्तार से चर्चा की। प्रधानाचार्य दया शंकर पांडे ने सभी स्वयंसेवियों का आवाहन किया कि वह एक आदर्श नागरिक बनकर देशहित में आगे आए तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रति लोगों को जागरूक करें। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रुद्रपुर डा.राजेंद्र सिंह ने समस्त स्वयंसेवियों को एनएसएस से भविष्य में होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी साथ ही उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवीओं को एक अनुशासित नागरिक बनकर समाज हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रमपुरा के प्रधानाध्यापक वीके सिंह, सीपी यादव, दिनेश कुमार शुक्ल, कमला पांडे, वीरेंद्र ध्यानी, संदीप यादव सहित अनेक शिक्षक तथा समस्त स्वयं सेवी उपस्थित थे।

**नानकमत्ता**–श्री गुरु नानकदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस इकाई के स्वयंसेवियों ने एक दिवसीय शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ इन्दुवाला के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता की उसके बाद नगर के मार्ग एवं आसपास जाकर स्वच्छता करते हुए लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया और प्लास्टिक एवं प्लास्टिक के बैग के उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सीता मेहता ने कहा कि स्वच्छता मन मस्तिष्क को भी पवित्र करती है।कार्यक्रम अधिकारी डॉ इंदुवाला ने कहा कि एन एस एस स्थापना का उद्देश्य विद्यार्थियों को मिलकर के सामाजिक कार्य में प्रतिभाग करना और समाज हित के लिए कार्य करना तमाम तरह के दुष्प्रभाव कारक प्लास्टिक के बारे में जानकारी देना और नदी -नालियों को साफ रखना आदि इसके मुख्य उद्देश्य है । प्राध्यापक डॉ मनोज कुमार जोशी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना देश के युवाओं में व्यक्तित्व विकास करने के लिए युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है । आज ही के दिन हर वर्ष 24 सितंबर को एन एस एस स्थापना दिवस मनाया जाता है राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना 24 सितंबर 1969 में हुई थी इसका उद्देश्य स्वयं सेवकों को समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज हित में कार्य करना, पर्यावरण सुरक्षा ,स्वास्थ्य सुरक्षा,एवं स्वच्छता के माध्यम सेलों को जागरूक करना ,आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता करना आदि है ।उन्होंने कहा कि स्वच्छता में ही ईश्वर का निवास होता है मनुष्य का प्रथम दैनिक कार्य स्वच्छता ही होता है अतः हमें अपना घर और स्वयं तथा अपने आस- पास हमेशा स्वच्छता रखनी चाहिए। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ गोपाल सिंह, वर्षा सक्सेना, डां शोभा बोरा,नीमा गोस्वामी , रश्मि सारथी, कविन्द्र बोरा, पंकज सिंह बोहरा ,रोशन कुमार, मनोज कुमार ,ज्योति राणा ,कामिनी राणा,आरती राना, अफ्सा खान, हरविंदर सिंह, प्रिया थापा, रेनू थापा, ,दुर्गा नाथ गोस्वामी, पूनम राणाऔर देव राम सहित तमाम छात्र-छात्राऐं उपस्थित थे।

# अभिनेत्री कृति सेनन ने सीएम से की मुलाकात

देहरादून (उद संवाददाता)। बॉलीवुड की मशहूर अदाकारा कृति सेनन फिल्म शूटिंग के सिलसिले में देहरादून





पहुंची। उन्होंने फिल्म लेखिका कनिका ढिल्लन के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान सेनन बोलीं, मैं उत्तराखंड की शानदार लोकेशन में शूटिंग को लेकर बहुत उत्साहित हूं। निर्माता कनिका ढिल्लन ने बताया कि पहले "दो पत्ती" का शूट हिमाचल में होने वाला था और लेकिन बाद में टीम ने उत्तराखंड आने का मन बनाया। उन्होंने कहा उत्तराखंड में और भी ऐसे खूबसूरत शूटिंग लोकेशन हैं, जिनको वे अपनी आने वाली फिल्मों में शामिल करेंगी। उनकी रेकी टीम देहरादून के आस-पास और भी शूटिंग लोकेशंस को देखने के लिए निकली है। मुख्यमंत्री ने कनिका ढिल्लन और कृति सेनन को इस फिल्म की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि उत्तरखंड फिल्म विकास परिषद की नई फिल्म नीति भी बनकर तैयार है और इस नई नीति में फिल्मों को पहले से अधिक अनुदान की राशि को शामिल किया गया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म और वेब सीरीज को भी अनुदान के साथ-साथ अन्य पुरस्कारों को भी प्रोत्साहन के रूप में शामिल किया गया है। इस दौरान फिल्म विकास परिषद के सीईओ और महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी और संयुक्त निदेशक नितिन उपाध्याय मौजूद थे।

# 108 दीप जलाकर मनाया गणेश महोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने अनुज संजय ठुकराल के साथ साईं विहार कॉलोनी फेस-5 में गणेश महोत्सव के अवसर पर समस्त





कॉलोनी एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में 108 दीपक प्रज्वलित कर पूजा अर्चना प्रारंभ की और विधि अनुसार प्रथम पूजनीय श्रीगणेश भगवान जी की आरती एवं पूजा अर्चना कराई। उन्होंने उपस्थित जनता से अपील की कि वह अपने बच्चों को हमारे पूजनीय उत्सवो की जानकारी दे जिससे हमारी धार्मिक संस्कृति की परंपरा बनी रहे। इस अवसर पर दीपक जोशी, विपिन सैनी, एस एन वर्मा एडवोकेट सचिव आर डब्ल्यू ए फेस 1, तेजपाल राणा, सुशील कुमार, अनिल लोहानी, अंतर्यामी, तिरुपति पात्रों, दिनेश चंद्र, पितमास महाराणा, रिंटू नायक, दिवाकर सेनापति, सुमंता, मारुति, तपस, अरविन्द चौहान, रोहित शर्मा, भानुप्रताप, नरेंद्र, सीपी शुक्ला, पंकज राणा, राजेश कुमार, राजा राम, दिनेश साह, जगन्नाथ, तरुण शर्मा, नितिन कौशिक, अनुज सैनी, रामकुमार शर्मा, श्रीराम, गणेश कंबोज, हर्ष मोरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# टीएमयू में पुष्पदंत भगवान के मोक्ष कल्याणक पर लाडू का महार्घ अर्पित

मुरादाबाद (उद ब्यूरो)। उत्तम सत्य धर्म और अष्टमी पर पुष्पदंत भगवान का मोक्षकल्याणक पर प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री के मार्गदर्शन में सोलहकारण पूजन, श्री पुष्पदंत भगवान पूजन, पंचमेरु पूजन और दशलक्षण पूजन विधि-विधान से हुए। रिद्धि-सिद्धि भवन में श्रीजी का प्रथम स्वर्ण कलश से मनीष सराओगी जैन, द्वितीय स्वर्ण कलश से प्रासुक जैन, तृतीय कलश से अभि जैन और चतुर्थ स्वर्ण कलश से आयुष जैन को अभिषेक करने का सौभाग्य मिला। श्रीजी की स्वर्ण और रजत कलश से शांति धारा करने का सौभाग्य परमार्थ ग्रुप के छात्रों को मिला। साथ ही अष्ट प्रातिहार्य का सौभाग्य अष्ट कन्याओं- सुरभि जैन, सोनम, प्रियांशी, नैंसी, सृष्टि, दृष्टि, अदिति और आईलिन सिंघई ने प्राप्त किया। पुष्पदंत भगवान का निर्वाण लाडू अर्पण का सौभाग्य परमार्थ ग्रुप के छात्रों को प्राप्त हुआ। महार्घ अर्पित करने का सौभाग्य कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, श्रीमती ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन और सुश्री नंदिनी जैन को प्राप्त हुआ। इस दौरान डॉ. अर्चना जैन भी उपस्थित रही। दूसरी ओर उत्तम शौच धर्म के दिन टिमिट कॉलेज की ओर से यह मंत्र नवकार है इतना प्यारा..., श्री महावीराय..., आया पर्यूषण पर्व क्षमा का..., नगाड़ा संग ढोल बाजे... से मंगलाचरण किया। मंगलाचरण के बाद ऑडी में राजा श्रेणिक की कथा नामक नाटिका का मंचन किया गया। नाटक के जरिए संदेश दिया कि हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। कोई भी धर्म उच्च या निम्न नहीं होता है। कार्यक्रम को आगे बढाघ्ते हुए बाजे कुंडलपुर में बधाई... पर एक सुंदर नृत्य की प्रस्तुति की गई। स्टुडेंट्स ने बीत राग मुद्रा, जय वीरेश्वर जय भगवान.., जैन तांडव, देवा ओ देवा पारस देव... आदि गीतों पर भी मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। अंत में एमबीए तथा बीकॉम के अंतिम वर्ष के छात्रों-छात्राओं को सम्मानित भी किया गया । इससे पूर्व कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन, मुख्य अतिथि-गुरू श्री आत्म वल्लभ समुद्र सूरि जैन अक्षय निधि पीठ के प्रोफेसर एंड चेयर प्रो. धर्मचंद जैन और श्री पवन जैन, एचआर निदेशक श्री मनोज जैन, टिमिट के निदेशक प्रो. विपिन जैन, डॉ. विभोर जैन आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके ऑडी में सांस्कृतिक सांझ का शुभारम्भ किया। प्रतिष्ठाचार्य ने जाप देते समय दिन के विभिन्न समयों में दिशा शुद्धि, सुर शुद्धि, माला शुद्धि शरीर और मन की स्थिति के बारे में बताया। साथ ही बीजाक्षरों के उच्चारण के सही तरीके भी बताए। उन्होंने बताया, सूत्र हमेशा समास के रूप में पढ़ा जाता हैं। आत्मा में आने वाले कर्मों को संवर कहते हैं। स्वाहा एक जघन्य मध्यम बीजाक्षर है। उत्तम सत्य धर्म पर बोलते हुए कहा, सत्य कब, कैसे और किसे बोलना है, उसी हेतु ये उत्तम सत्य धर्म को मनाया जाता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**पीएम मोदी ने दिया....**

करने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि अमृत काल में बने नए स्टेशन 'अमृत भारत स्टेशन' कहलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों ने पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी ला दी हैं। जिन जगहों पर वंदे भारत ट्रेन पहुंच रही हैं, वहां पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। इससे वहां रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं।

**मन की बात में नैनीताल.....**

विकासखंड के गांवों का में हिमोत्थान टाटा ट्रस्ट ने गर्मियों की छुट्टियों में भी बच्चों तक बाल साहित्यिक पुस्तकें पहुंचाने का जिम्मा लिया। जिसके तहत दूरस्थ पर्वतीय गांवों में जहां ना सड़क हैं, ना जाने की अन्य कोई सुविधाएं, कुछ पगडंडी रास्ते हैं, लेकिन वो भी भूस्खलन की मार झेल रहे हैं। ऐसे में हिमोत्थान टाटा ट्रस्ट द्वारा पर्वतीय गांव बाघनी, छड़ा, सल्वा, जलना के युवाओं एवं स्थानीय शिक्षा प्रेरकों की मदद से घोड़ा लाइब्रेरी की शुरुआत की गई। प्रत्येक 4-5 दिन के अंतराल में दुर्गम पर्वतीय ग्राम तोकों में घोड़ा लाइब्रेरी के माध्यम से पुस्तकें उपलब्ध कराई गई। इस अनूठी पहल का आज पीएम मोदी ने मन की बात में जिक्र किया। उन्होनें कहा कि घोड़े की मदद से किताबों को दुर्गम मार्गों से होकर गांव-गांव तक पहुंचाने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है।

**जीवित दादी को मृत बताकर....**

काटकर आया है। उसे डर है कि वह सम्पत्ति कब कब्जा कर सकते है। इसकी जानकारी कलकत्ता फार्म चौकी व थाना कोतवाली किच्छा में दी। परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। एसएसपी ने सीईओ किच्छा को मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।

**फैक्ट्री में श्रमिक की संदिग्ध.......**

ड्यूटी पर कंपनी में आया था। काम करने के दौरान करीब 9 बजे उसकी तबियत अचानक तेजी से बिगड़ गई। जिससे साथी श्रमिकों में हड़कम्प मच गया। उन्होंने इसकी सूचना फैक्ट्री के अधिकारियों को दी। जिनके न पहुंने पर श्रमिकों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना मिलते ही सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस कर्मियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने आवश्यक जानकारी लेने के बाद श्रमिक को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साथी श्रमिक की मौत की जानकारी मिलते ही चिकित्सालय में मौजेद सैकड़ों श्रमिकों को रोष बढ़ गया और उन्होंने हंगामा कर घटना के लिए फैक्ट्री प्रबंधन को दोषी बताया। उनका कहना था कि यदि समय से उपचार मिल जाता तो श्रमिक की जान बच जाती। श्रमिक की मौत के बाद भी समाचार लिखे जाने तक प्रबंधन का जिम्मेवार अधिकारी नहीं आया था। इंस्पेक्टर राजेंद्र डांगी ने भी चिकित्सालय पहुंचकर श्रमिकों से बातचीत की। मृतक खुशाल सिंह की पत्नी और एक बच्चा है। बाकी परिवार अल्मोड़ा म रह रहा है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
SONY
Whirlpool
SAMSUNG
IFB
Haier
BOSCH
VOLTAS
DAIKIN
HITACHI
MITSUBISHI ELECTRIC
GENERAL
LLOYD
BLUE STAR
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Easy EMI Options Available
गुरू माँ
GURU MAA ENTERPRISES
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704
MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735
DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338